प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ, वाराणसी, झांसी और आगरा समेत देश के 47 स्थानों पर 51 हज़ार से ज्यादा चयनित अभ्यर्थियों को वर्चुअली सौंपे नियुक्ति पत्र : कहा–युवाओं को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं रोज़गार मेले।
2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में बड़ी काली जी मंदिर परिसर में नए ब्लॉक का किया उद्‌घाटन : कहा– ऑपरेशन सिंदूर में दिखा महिला सैनिकों और पायलटों का शौर्य।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में भारत में पशु नस्लों का विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला का किया शुभारम्भ : कहा– राज्य सरकार पशुधन विकास और गौ संरक्षण पर दे रही है विशेष ध्यान। और
4. लखनऊ सहित राज्य के कई जिलों में बारिश का क्रम जारी : चित्रकूट में मंदाकिनी सहित कई नदियां उफान पर।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को

दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये लखनऊ सहित दशभर के 47 स्थानों पर विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद रोज़गार मेले को संबोधित कर रहे थे। बाइट....

*आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक डेमोग्राफी दूसरी डेमोक्रेसी युवाओं को युवाओं का यह सामर्थ हमारे भारत के उज्जवल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी भी है और सबसे बड़ी गारंटी भी है और हमारी सरकार इसी पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में दिन रात जुटी है।*

श्री मोदी ने कहा कि सरकारी विभागों में नवनियुक्त युवा राष्ट्र निर्माण मं अहम भूमिका निभा रहे हैं। बाइट....

*रोजगार मेलों के माध्यरम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। आज भी आप में से कई ने भारतीय रेल में अपने दायित्वोंन की शुरुआत की है कई साथी अब देश की सुरक्षा के भी प्रहरी बनेंगे, कुछ साथी हेल्प फॉर ऑल मिशन के सिपाही होंगे और बहुत से साथी भारत के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है।

इसो क्रम में आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार मेले में केन्द्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने 270 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 141 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र सौंपे। इस दौरान श्रीमती

पटेल ने युवाओं का आह्वान किया कि पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ देश और समाज के निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाये। बाइट......

*मैं इस अवसर पर काशी में जितने भी हमारे अभ्यर्थी आए हैं, उनको बधाई देती हूँ, शुभकामनायें देती हूं और यही उनसे अपेक्षा करती हूँ कि अपनेनए दायित्वों को ग्रहण करके नागरिक प्रथम की भावना के साथ राष्ट्र सेवा में अपनेआपको समर्पित करें और 2047 केविकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।*

आगरा में केन्द्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने सौ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये। अपने संबोधन में श्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख युवाओं को राजगार देने का जो वादा किया था, उसे पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा रहा है। बाइट....

*मैं इन अभ्यर्थियों को बधाई देना चाहूंगा आप अपनी दम पर सेलेक्ट हुए हैं भगवान का धन्यवाद दो आप उससमय एक्जाम दे रहे हो। जिस समय मोदी जी की सरकार है।*

झांसी में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने 247 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। श्री वर्मा ने कहा कि सरकार की पारदर्शी नीतियों के तहत समय सीमा के अंदर पात्रों को नौकरियां मिल रही है। बाइट....

*प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह से देश आगे बढ़ रहा है, मुझे लगता है कि आज आप नियुक्ति पत्र लेनेके बाद आप यहां से संकल्प लेकर जाएंगे। संकल्प लेकर जाएंगे देश पहले, देश सेवा पहले। मुझेलगता है कि अगर देश पहले इस भावना से लेकर चलेंगे तो हमारे मन में बहुत सारे सवालजो खड़े होते हैं वो नहीं खड़े होते होंगे। सकारात्मक भाव से अपने देश की सेवा करने का काम करें।*

————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज दो दिवसीय दौर पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे। इस दौरान श्री सिंह ने नगर के चौक स्थित श्री बड़ी काली जी मंदिर परिसर में नव निर्मित शंकराचार्य भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि माँ काली की भारतीय सेना पर सदैव विशेष कृपा रही है। हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की। बाइट....

*भारतीय सेनाओं पर मां काली की विशेष कृपा रही है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी भारतीय सेनाओं ने अपने अद्भुत शौर्य, वीरता और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान पर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों का सफाया करने में पूरी तरह से कामयाबी हासिल की है। पूरी तरह से आतंकवादी ठिकानों को तहस नहस कर दिया है। इस ऑपरेशन में महिला सैनिकों और पाइलटों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था। केवल पुरुष सैनिक ही नहीं बल्कि महिला सैनिकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया था और मां काली के एक स्वरूप से दुश्मनों के उन्होंने छक्के छुड़ा दिये थे*

इससे पहले रक्षामंत्री ने प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और केजीएमयू में भर्ती पूर्व एमएलसी विन्ध्यवासिनी कुमार का कुशलक्षेम जाना। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान रक्षा मंत्री कल नेशनल पीजी कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री चन्द्रभानु गुप्ता की मूर्ति का अनावरण करेंगे और उनका डाक टिकट जारी करेंगे।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार किसानों के हितों के लिये प्रतिबद्ध है और पिछले 11 वर्षों के दौरान इस दिशा में सभी ठोस उपाय कर रही है। श्री योगी ने यह बात आज लखनऊ में भारत में पशु नस्लों का विकास विषय पर आयोजित कार्यशाला के शुभारम्भ कार्यक्रम में कही। इस दौरान श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास और गोवंश संरक्षण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है। बाइट.....

*गौ आधारित खेती के महत्व को आगे बढ़ाने के लिए इस दिशा में प्रयास प्रारम्भ हुए हैं। ये अन्नदाता किसान की आमदनी को भी बढ़ाने में योगदान देंगे और अन्नदाता किसान की आमदनी बढ़ेगी, उसकी समद्धि बढ़ेगी, तोदेश की समृद्धि को कोई रोक नहीं सकता है। अवश्य देश समृद्धि के नए सोपान कोप्राप्त करेगा और आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने में मदद मिलेगी. प्रदेश में इस दिशा में और भी प्रयास हुए हैं जैसे लैंड लॉक्ड स्टेट में उत्तर प्रदेश मत्स्य उत्पादन में आज अग्रणी राज्यों में है, अंडा उत्पादन में, कुक्कुट पालन में भी उत्तर प्रदेश ने अच्छी छलांग लगाई है।*

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने भी अपने विचार रखे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस के 350 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में श्री गुरु तेग बहादुर संदेश यात्रा के शुभारम्भ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने गुरु तेग बहादुर जी के साहस और त्याग का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिये सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। बाइट.....

*जिस देश से सिख गुरूओं ने अपना त्याग और बलिदान दिया था, अपनी शहादत दी थी. आज वर्तमान पीढ़ी को उस शहादत की परंपरा को फिर से वर्तमान परिप्रेक्ष्यमें जीवंत बनाए रखने के लिए एक नई रणनीति के तहत कार्य करने की आवश्यकता है. उत्तर पदेश के हर कार्यक्रम में उनका बहुत सकारात्मक योगदान प्राप्त होता है और उत्तर पदेश के हमारे पूरी टीम एक भाव के साथ मिल करके कार्य करती है।*

———————

प्रदेश में कांवड़ यात्रा सुचारू रूप से जारी है। कांवड़ यात्रा और अयोध्या में सावन मेले को लेकर जिला प्रशासन और नगर निकायों ने सभी जरूरी व्यवस्थाएं की है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज अयोध्या में सावन मेले को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

———————

लखनऊ समेत राज्य के कई जिलों में आज भी बारिश का क्रम जारी रहा। तेज बारिश से चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर है। आज नदी का स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया और बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। वहीं वाराणसी में नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के बाद फिलहाल स्थिर हो गया है। बढ़ जलस्तर के चलते कई घाटों की सीढ़ियां पूरी तरह डूब चुकी हैं। मौसम विभाग ने आज भी लखनऊ सहित 48 जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

(समाप्त)